# काउंसलिंग शिविर में मिलेगा गाइडेंस




जबलपुर. पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल में स्वामी विवेकानंद कॅरियर विवेकानंद मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दो दिवसीय निशुल्क काउंसलिंग शिविर का आयोजन 3 और 4 जून को दोपहर 12 से 4 बजे तक हिन्दी विभाग में किया जाएगा। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि शिविर में विद्यार्थियों को विषय चयन एवं कॅरियर के प्रति जागरूक किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों को भी काउंसिलग दी जाएगी। इसके साथ ही निःशुल्क मनोवैज्ञानिक एवं अकादमिक परामर्श दिया जाएगा। बैठक के दौरान डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. तरुणेद्र साकेत, डॉ. राघवेन्द्र सिंह मौजूद थे।